Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide a rapid diagnostic kit for detection of Corona virus in suspected patients in the country and impose immediate temporary ban on import of sea-food and meat from China-Laid.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): कोरोना वायसर डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा एक पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी घोषित की जा चुकी है। इस घातक विषाणु की वजह से 492 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। भारत में भी 5000 से अधिक लोगों को जांच के अन्दर रखा गया है और अब तक तीन लोगों में इस वायरस की पुष्टि हो चुकी है। कोरोना वायरस की शुरूआत वुहान (चीन) से हुई है और यह एक पशुजनित विषाणु है तथा एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में संक्रमित हो सकता है।

भारत सरकार ने प्रशंसनीय कदम उठाए हैं जैसे चीन से भारतीय उपमहाद्वीप के नागरिकों को सुरक्षित वापस लाना तथा जन चेतना से इस विषाणु के प्रति जनता को जागरूक करना।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन होगा कि इस रोग के मरीजों को चिन्हित करने के लिए एक रैपेड डायगनोस्टिक किट बनाये तथा चीन से आयातित सी-फूड/मांस पर अल्प अवधि के लिए रोक लगाई जाए।